तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 9 नवंबर 2025

14 वंदे मातरम् गीत हमारी राष्ट्रीयता संस्कृति व...

14 आदिवासी गोड़ समाज ने हर्षोल्लास से मनाई श्री ...







## खबर संक्षेप

### राज्य मार्ग 23 की मरम्मत और पैचवर्क का कार्य तेजी से जारी



**बालोद।** लोक निर्माण विभाग द्वारा राजनांदगांव, अर्जुंदा और गुंडरदेही मार्ग (राज्य मार्ग 23) पर मरम्मत एवं पैच वर्क का कार्य तेजी से किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि यह मार्ग बालोद और राजनांदगांव दो जिलों को जोड़ने वाला एक अत्यंत महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। वर्तमान में इस मार्ग पर किए जा रहे पैच कार्य से लगभग 20 गांवों के निवासियों को सीधा लाभ मिलेगा। मार्ग की मरम्मत हो जाने से इन क्षेत्रों के लोगों के लिए आवागमन सुविधाजनक एवं सुरक्षित हो जाएगा।

### हाइड्रोलिक ट्रैक्टर ट्राली चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** काम करने के बाद किसान ने घर के सामने हाइड्रोलिक ट्रैक्टर ट्राली को रखा, रात में चोर ने चोरी कर लिया। जिसके बाद पीड़ित को जब सुबह इसकी जानकारी हुई तो अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के ततह रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम बोहारा मेन रोड थाना सनौद निवासी टेकराम साहू पिता स्व0 सोनूराम साहू 62 वर्ष ने पुलिस को बताया कि मेरा हाइड्रोलिक ट्रेक्टर ट्राली क्रमांक सीजी 05 जी 8128 को काम करने के बाद प्रतिदिन की तरह घर के सामने मेन रोड बोहारा सड़क किनारे खड़ा कर रखा था, 03 नवंबर को रात्रि करीबन 09 बजे सोने से पहले देखा था, सुबह करीबन 06 बजे देखा तो मेरा कोई अज्ञात चोर रात्रि में चोरी कर ले गया है, जिसका पता तलाश आसपास करने पर नहीं मिला।

### सड़कों पर दौड़ रही हैं कंडम गाड़ियां

**भिलाई।** शहर की सड़कों पर जर्जर और कंडम वाहन खुलेआम दौड़ रहे हैं। इन गाड़ियों से निकलता काला धुआं लोगों की सांसें रोक रहा है। प्रदूषण बढ़ रहा है, लेकिन कार्रवाई का नाम नहीं। जिले के सभी चौक-चौराहों पर यातायात पुलिस तैनात रहती है, फिर भी ऐसे वाहनों पर कोई रोक नहीं लगाई जा रही। दोपहिया से लेकर मालवाहक तक कई वाहन नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। कई ट्रक और बसों से इतना धुआं निकलता है कि पीछे चल रहे वाहन चालकों को रास्ता तक दिखाई नहीं देता।

**आयोजन : खेल हार-जीत नहीं, सीख और अनुशासन का माध्यम**

# जीवन में खेलों का बड़ा महत्व, स्वस्थ मन के लिए खेल जरूरी : मंत्री गजेन्द्र यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- अग्रवाल स्टेडियम में चार दिवसीय राज्य स्तरीय खेल महोत्सव का शुरु
- राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 420 छात्र-छात्राएं भाग लिए

प्रदेश के स्कूली शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि जीवन में खेलों का बहुत बड़ा महत्व है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति के स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मन के लिए खेल अत्यंत आवश्यक है। मंत्री गजेन्द्र यादव जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम बालोद में आज 08 नवंबर से 11 नवंबर तक आयोजित 04 दिवसीय 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने जीवन में खेलों के ▶▶| शेष पेज 13 पर





### खेलों में भागीदारी सबसे सर्वोत्तम एवं बेहतरीन माध्यम

विद्यार्थियों द्वारा शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव का भव्य एवं आत्मीय स्वागत और अभिनंदन किया गया। उल्लेखनीय है कि 08 से 11 नवंबर तक जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम बालोद के अलावा शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय तथा संस्कार शाला मैदान बालोद में आयोजित बालक एवं बालिका वर्ग के 19 वर्ष तक के आयु वर्ग के नेटबॉल तथा 14 वर्ष तक के आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं के लिए आयोजित खो-खो एवं फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रदेश के सभी 05 जोनों से कुल 420 प्रतिभागी छात्र-छात्रओं के अलावा कुल 100 अधिकारी-कर्मचारी शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर मंत्री यादव ने जिला मुख्यालय बालोद में 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के बेहतरीन आयोजन की भूरी-भूरी सराहना भी की। इस अवसर पर उन्होंने जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यक्ति के जीवन की सफलता के लिए ज्ञान एवं विवेक के साथ-साथ शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं फिट होना भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य के लिए व्यक्ति का खेलों में भागीदारी सबसे सर्वोत्तम एवं बेहतरीन माध्यम है। इस अवसर पर उन्होंने खेलों के महत्व एवं प्रासंगिकता के संबंध में प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल में हार, जीत कोई मायने नही रखता। उन्होंने कहा कि हमें खेल एवं अपने जीवन में हार को भी स्वीकार करना सीखना चाहिए।

# स्कूल देरी से आने पर चार शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

**खबर का असर**

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पण्डेल में शिक्षकों की लापरवाही पर अब प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। हरिभूमि में शाला पण्डेल की निरीक्षण में सभी शिक्षक नदारद शीर्षक से समाचार प्रकाशित होते ही विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंडी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए विद्यालय में पदस्थ प्रधानपाठक बृजेश देवांगन सहित तीन शिक्षकों युवराज सेवता, अघन ठाकुर और पार्वती साहू को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का नोटिस जारी किया है।मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से 8 नवंबर को नोटिस क्रमांक 1925 जारी किया गया है। यह नोटिस हरिभूमि में प्रकाशित समाचार के आधार पर जारी किया गया है, जिसमें बताया गया था कि जिला पंचायत सदस्य एवं शिक्षा समिति सदस्य नीलिमा श्याम 7 नवंबर की सुबह लगभग 9.45 बजे अपने निर्वाचन क्षेत्र के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पण्डेल पहुंचीं और लगभग दो घंटे तक विद्यालय में रहीं। इस दौरान कोई भी शिक्षक समय पर उपस्थित नहीं पाया गया। सभी शिक्षक एक-एक कर 10.30 बजे के पश्चात विद्यालय पहुंचे और अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

**चोरी की वारदात का खुलासा**

# चोरी के सोना-चांदी के जेवर बरामद, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- गोवर्धन पूजा की रात किराना दुकान और घर में हुई थी चोरी की वारदात
- आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया




पुलिस अधीक्षक बालोद के निर्देशन में बालोद पुलिस को मालीघोरी के घर व किराना दुकान में चोरी के आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली। गोवर्धन पूजा के रात प्राथऍं के घर वा दुकान का शटर का ताला तोड़ कर चोरी हुई थी। आरोपी द्वारा सोने, चांदी के जेवर वा नगदी रकम की चोरी किया गया था। साइबर सेल बालोद व थाना बालोद से विशेष टीम बनी थी। आरोपी के कब्जे से 04 नग सोने के फुल्ली, एक जोड़ी सोने का कान की बाली, दो नग सोने का लॉकेट बरामद किया गया है।

एक टीम गठित कर चोरी के आरोपी की पतासाजी हेतु लगाया गया था। चोरी की सूचना पर प्राथऍं की रिपोर्ट पर थाना बालोद में धारा 331(4), 305 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। गठित टीम द्वारा मालीघोरी घटना स्थल पहुंच कर डॉग स्कॉट व साइबर सेल टीम थाना बालोद स्टॉप द्वारा घटना स्थल से सूचना प्राप्त कर आस पास गांव के सीसीटीवी कैमरे का फुटेज चेक कर अज्ञात आरोपी के संबंध में जानकारी प्राप्त किया गया। टीम द्वारा लगातार प्रयास से संदेही का पता चला, जिसे पकड़ कर पूछताछ करने पर चोरी की घटना करना बताया। आरोपी ग्राम मालीघोरी थाना बालोद जिला बालोद निवासी देवकुमार देशमुख 25 वर्श के कब्जे से 04 नग सोने के फुल्ली, एक जोड़ी सोने का कान की बाली, दो सोने का लॉकेट, जप्त किया गया है। आरोपी को 07 नवंबर को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

### राजेंद्र देशमुख का भारतीय टीम में चयन, श्रीलंका में खेलेंगे टी-20 सीरीज



**बालोद/अर्जुन्दा।** अर्जुन्दा ब्लाक के ग्राम बूढ़ानपुर के रहने वाले एक हाथ से दिव्यांग क्रिकेटर राजेंद्र देशमुख अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर क्रिकेट के खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते नजर आएंगे। राजेंद्र का चयन 13 नवंबर से श्रीलंका में शुरू होने वाली दिव्यांग टी-20 क्रिकेट सीरीज के लिए भारतीय टीम में ऑलराउंडर के रूप में हुआ है। राजेंद्र देशमुख एक हाथ से दिव्यांग हैं, लेकिन उनके जज्बे और मेहनत ने यह साबित कर दिया कि इच्छाशक्ति के सामने शारीरिक सीमाएं मायने नहीं रखतीं। वे बल्लेबाजी और गेंदबाजी-दोनों में माहिर हैं। श्रीलंका में होने वाली यह पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला 13 से 17 नवंबर तक चलेगी। टीम 18 नवंबर को भारत लौटेगी। राजेंद्र ने बताया कि वे 11 नवंबर को दुर्ग से चेन्नई के लिए रवाना होंगे। 12 नवंबर को चेन्नई कैंप में शामिल होकर पूरी टीम के साथ 13 नवंबर को श्रीलंका के लिए उड़ान भरेंगे, जहां उसी ▶▶| शेष पेज 13 पर







# मोटरसायकिल की ठोकर से दो घायल, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

काम होने के बाद मोटर सायकल के माध्यम से घर जा रहे पिता पुत्र को सामने से आ रही बाईक ने ठोकर मार दी। जिससे पिता पुत्र घायल हो गए। जिसके बाद महिला ने मोटर सायकल चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एनकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम गितपहर चौकी हल्बा थाना चारामा जिला कांकेर निवासी तोमेश्वरी जैन ने पुलिस को बताया कि 24 अक्टूबर को सुबह करीबन 11 बजे मेरे पिताजी द्वारिका प्रसाद सिन्हा 57 साल एवं मेरा छोटा भाई छमेश्वकर प्रसाद सिन्हा 27 साल ग्राम तेलीनसत्ती से अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एक्यू 1138 से हमारे घर ग्राम गितपहर आ रहे थे। कि करीबन 12 बजे एन0एच0-30 मार्ग आरा फयूल्स के सामने ग्राम पुरूर पहुचे थे कि सामने चारामा की ओर से आ रही मोटर सायकल सीजी 19 बीके 6037 का चालक अपने मोटर सायकल को तेज गति लापरवाही पूर्वक एवं खतरनाक ढंग से चलाते हुये मेरे भाई छमेश्वर प्रसाद सिन्हा के द्वारा चला रहे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एक्यू 1138 को सामने से जोरदार ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। जिससे मेरे भाई छमेश्वर प्रसाद सिन्हा के नाक, मुह, गला, एवं दाहीने सीना, हांथ में चोट लगा है व मेरे पिता द्वारिका प्रसाद ▶▶| शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### पिस्टल दिखाकर वाहन से डीजल चोरी

**भिलाई।** पिस्टल से डरा धमकार कर वाहन से डीजल चोरी करने के मामले में पुलिस तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया। पुरानी भिलाई पुलिस ने बताया कि भिलाई 3 निवासी सुमित कुमार सिंह जेके लॉजिस्टिकि ट्रांसपोर्ट कंपनी में मुंशी काम करता है। वाहन सीजी 07 बीएम 4339 के टंकी तोडकर ठाकुर पेट्रोल पंप के पास से उमदा रोड में अज्ञात ने 320 लीटर डीजल चोरी कर फरार हो गए। वाहन चालक बिहार निवासी नारायण यादव ने घटना की जानकारी फोन पर दिया। चालक वाहन को ठाकुर पेट्रोल पंप भिलाई तीन के पास खड़ा किया था। वाहन में चालक सोया हुआ था, 3 अज्ञात युवक स्वीफ्ट डिजायर कार में पहुंचे। कंटेनर के सामने कार को खड़ा कर डीजल चोरी करने लगे। डीजल टंकी के ढक्कन को तोड़कर युवकों ने चोरी कर रहे थे। तब चालक उनसे पूछने पर युवकों ने पिस्टल के समान किसी वस्तु से डराया। चोरी हुए डीजल की कीमत 27 हजार 500 रूपये आंकी गई है।

### सूने मकान से नकदी व जेवरात पार

**भिलाई।** परिवार समेत घूमने गए मकान में ्ज्ञात ने ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार कर दिया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात केखिलाफ अपराध कायम कर जांच में लिया है। पारस ठाकुर ने बताया कि वार्ड नंबर 7 चटाई सीट अहिवारा निवासी अघन सिंह शास. प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र मुरमुंदा में कर्मी है। परिवार के साथ मकान में ताला जड़कर घुमने राजस्थान चला गया था। 5 नवम्बर की रात वापस घर अहिवारा पहुंचने पर सारा सामान सामने बिखरा पड़ा मिला। कमरो का ताला भी टूटा पड़ा मिला। अज्ञात ने मकान से सोना चांदी के जेवरात, भारत गैस का सिलेंडर, नगदी 1100 रूपये गायब मिले। कुल चोरी हुए सामनों की कीमत 35 हजार रुपए आंकी गई है।

### मकान से जेवरात चोरी

**भिलाई।** उज्जैन गए परिवार के मकान का तासला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार कर आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि केनाल पारा चंदखुरी निवासी उषा चंद्राकर इंटीनियर डिजाईनर का काम करती है। परिवार साथ उज्जैन गई हुई थी। पड़ोसी ने फोन कर जानकारी दी कि मकान का ताला टूटा पड़ा है। परिवार उज्जैन से लौटकर 6 नवम्बर को पहुंचे तो मकान का सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। बेड रुम मे रखे लोहे के आलमारी का लॉकर का ताला टुटा था। लॉकर खुला हुआ पड़ा था, आलमारी के भीतर से सोना चांदी के जेवरात गायब मिला। कुल सामानों की कीमत 74 हजार रुपए आंकी है।

### गांजा बेचते युवक पकड़ाया

**भिलाई।** गांजा बेचने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बाजार चौक कुम्हारी निवासी डाउन देवार को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने 1 किलो 800 ग्राम गांजा जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ लंबे समय से गांजा बेचने की शिकायत मिल रही थी। पुलिस ने ऑपरेशान विश्वास ्भियान के तहत कार्रवाई किया है।

### ई-रिक्शा पलटने से युवती की मौत

**भिलाई।** वाईशेप ब्रिज में ई-रिक्शा पलटने से एक युवती की मौत हो गई। युवती की मां भी घटना में गंभीर रुप से घायल है। ई रिक्शा चालक को स्मृति नगर पुलिस नहीं पकड़ पाई है। मिली जानकारी के मुताबिक मालवीय नगर दुर्ग निवासी नेहा 18 वर्ष अपनी मां उषा के साथ मॉडल टाउन की ओर से आ रही थी। ई-रिक्शा ब्रिज के बटालियन रोड के पास पहुंची थी। तभी अचानक बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में नेहा रिक्शा के नीचे दब गई। जिससे उसकी सिर पर गंभीर चोट आई। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से युवती को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने नेहा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# तहसील साहू संघ रिसाली का चुनाव आज, परिश्रमी व मां कर्मा पैनल के बीच मुकाबला

## तत्कालीन पदाधिकारी के कार्यकाल में हुई अनियमितता की जांच के बाद प्रदेश साहू संघ ने दी हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तहसील साहू संघ रिसाली का चुनाव 9 नवंबर रविवार को कर्मा भवन इस्पात भवन रिसाली में होगा। सुबह 10.30 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। इस चुनाव को महीनेभर पहले इसलिए रोक लगा दी गई थी कि तत्कालीन अध्यक्ष पर अनियमितता के आरोप लगाए गए थे। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ ने इस आरोपों की जांच पूरी कर ली है और उसके बाद इस चुनाव को हरी झंडी दे दी। चुनाव का संचालन छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार जिला साहू संघ भिलाई की चुनाव संचालन समिति करेगी। इस चुनाव में परिश्रमी पैनल और मां कर्मा विकास पैनल के बीच मुकाबला है। परिश्रमी पैनल से अध्यक्ष पद के लिए तत्कालीन अध्यक्ष संतोष साहू और मां कर्मा विकास पैनल से अध्यक्ष पद पर डॉ. कामता प्रसाद साहू अपना भाग्य आजमा रहे हैं।


संतोष साहू


डॉ. कामता साहू

### दोनों पैनल के इनके बीच में हैं मुकाबला

परिश्रमी पैनल में अध्यक्ष पद के लिए तत्कालीन अध्यक्ष संतोष साहू फिर से मैदान में हैं। उपाध्यक्ष पद के लिए चैलेंद्र साहू व महिला उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती जामुन साहू चुनाव लड़ रहे हैं।संगठन सचिव के पद पर हरिराम साहू और श्रीमती गुनेश्वरी साहू इस पैनल से हैं। इस पैनल के मुकाबले में मां कर्मा विकास पैनल के अध्यक्ष पद के लिए डॉ कामता साहू, उपाध्यक्ष पद के लिए ओमप्रकाश साहू व महिला उपाध्यक्ष के पद पर श्रीमती संध्या साहू, संगठन सचिव पद के लिए कौशल चौधरी व श्रीमती तारिणी साहू मैदान में हैं।

### 921 मतदाता डालेंगे वोट

रिसाली तहसील साहू संघ के अंतर्गत जो मतदाता सूची प्रकाशित की गई है उस हिसाब से 921 मतदाता हैं। यह सूची तहसील साहू संघ रिसाली द्वारा प्रारंभिक प्रकाशन के रूप में किया गया था । चुनाव संचालकों द्वारा जो सूची जारी की गई है उसमें करीब 20 आजीवन सदस्यों के नाम विलोपित होने और सीरियल नंबर भी बदलने की वजह से सदस्यों में रोष की स्थिति भी निर्मित हो गई है। सामाजिक ग्रुप में इसे लेकर बवाल मचा हुआ है। चूंकि इन सदस्यों ने पिछले चुनाव में मतदान कर चुके हैं और इस बार उनका नाम ही नहीं है। चुनाव अधिकारी जिला साहू संघ भिलाई के महासचिव अमोलदास साहू को बनाया गया है।

### अनियमितता की जांच में क्लीन चिट

रिसाली साहू संघ के तत्कालीन अध्यक्ष संतोष साहू पर मां कर्मा विकास पैनल के प्रत्याशियों ने अनियमितता के आरोप लगाते हुए छग प्रदेश साहू संघ में लिखित शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसकी जांच प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने करवाई। जिला साहू संघ को भेजी गई जांच रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि तत्कालीन अध्यक्ष संतोष साहू द्वारा एबुलेंस खरीदी प्रक्रिया में नियमों की कुछ अनदेखी हुई, लेकिन किसी भी प्रकार की आर्थिक गड़बड़ी नहीं पाई गई। एंबुलेंस खरीदी में सहयोग देने वाले दानदाताओं को समाज की आजीवन सदस्यता देने का निर्णय उचित है और इसे सामाजिक कार्यों के लिए प्रोत्साहन स्वरूप देखा जाना चाहिए। प्रदेश साहू संघ ने इस निर्णय को अनुमोदन देते हुए समाज में पारदर्शिता और एकता बनाए रखने की अपील की है।

## नहीं हुआ रैनबसेरा व सुलभ शौचालय का निर्माण, फुटपाथ पर सो रहे चालक क्लीनर

# ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण पांच साल बाद भी अधूरा पड़ा, बिजली नहीं होने से अंधेरे में डूबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**नगर निगम है सुस्त, ट्रांसपोर्टरों ने की जल्द निर्माण पूर्ण कराने की मांग**



औद्योगिक क्षेत्र हथखोज में बन रहे छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण में विलंब की कीमत सैकड़ों ट्रांसपोर्टरों को चुकानी पड़ रही है। दो फेस में निर्माणाधीन ट्रांसपोर्ट नगर पांच साल बाद भी पूर्ण नहीं हो पाया है। इस मामले में भिलाई तीन चरौदा नगर निगम सुस्त बना हुआ है। ट्रांसपोर्टरों ने निगम और कलेक्टर से इस प्रोजेक्ट को जल्द पूर्ण कराने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 1992-93 में तत्कालीन साडाध्यक्ष सत्यनाराण अग्रवाल के कार्यकाल में एमजी मार्केट पावरहाउस भिला से ट्रांसपोर्टरों को औद्योगिक क्षेत्र हथखोज में शिफ्ट किया गया था। इस समय ट्रकें व ट्रेलर आदि एमजी मार्केट जीई रोड के किनारे बेतरतीब खड़ी होती थीं और ट्रांसपोर्टरों के आफिस भी यहीं थे।

साडा प्रशासन द्वारा तत्कालीन राज्य मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय की पहल पर शिफ्टिंग के बाद ट्रांसपोर्ट नगर के विकास की योजना भी बनाई गई थीं। लेकिन इस दौरान कई सरकारों के बदलने के बाद भी ट्रांसपोर्ट नगर पूरी तरह उपेक्षित पड़े रहने और विकास नहीं होने से ट्रांसपोर्टर परेशान होते रहे। तीस साल बाद वर्ष 2019-20 ट्रांसपोर्टरों की मांग पर तत्कालीन सीएम भूपेश बघेल द्वारा यहां फेस वन फेस टू के रुप में ट्रांसपोर्टनगर के पुनर्विकास के लिए भूमि पूजन किया गया था। नगर निगम द्वारा छग के इस सबसे बड़े सर्वसुविधायुक्त ट्रांसपोर्टनगर का निर्माण जल्द पूर्ण कराने का भरोसा ट्रांसपोर्टरों को दिलाया गया था। लेकिन निर्माण कार्य में लेटलतीफी के चलते पांच साल बाद भी पूर्ण नहीं होने से ट्रांसपोर्टरों को चौतरफा परेशानी हो रही है। अब तक करीबन 80 प्रतिशत निर्माण ही हुआ है। ट्रांसपोर्टनरों ने बताया कि विलंब से कई तरह के दिक्कतें हो रही हैं।

### जोखिमभरा है गाड़ियों का आवागमन

फेस -1 और फेस-2 के तहत निर्माणाधीन ट्रांसपोर्ट नगर में अब तक कांक्रीट की सड़कों और ट्रांसपोर्टरों के आफिसों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। साथ ही पार्किंग स्थल,व्यावसायिक काम्पलेक्स का भी निर्माण हो गया है। यहां अब तक स्ट्रीट लाइट यानी बिजली नहीं है। रैन बसेरा और सुलभ शौचालय का निर्माण भी नहीं हुआ है। ट्रांसपोर्ट नगर के प्रवेश व निकास द्वार का भी निर्माण नहीं हुआ है। लाइट नहीं होने से अंधेरे में गाड़ियों की आवाजाही दुर्घटनाजन्य होने के साथ चोरी आदि की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। छग ट्रक ट्रेलर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने बताया कि ट्रांसपोर्टनगर के अधूरे होने से देशभर से यहां आने जाने वाले वाहनों के साथ ट्रांसपोर्टरों व ड्रायवर क्लीन आदि कर्मियों को परेशानी हो रही है। नगर निगम व कलेक्टर से जल्द बाकी बचे निर्माण को पूर्ण कराने और बेतहाशा कब्जों को हटाने की मांग की गई है।

# सीपीएफ टॉपअप लोन स्कीम की कार्मिकों को दरकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटर ने कार्यपालक निदेशक के नाम का ज्ञापन महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा- सीपीएफ,वेजेस) आरके भट्टाचारजी को ज्ञापन सौंप कर जल्द पूर्व की तरह सीपीएफ टेंपरेरी लोन पर टॉप-अप स्कीम शुरू करने की मांग की । प्रबंधन ने आश्वस्त किया कि ईपीएफओ द्वारा सीपीएफ लोन पर जल्द ही नया नोटिफिकेशन जारी करने वाला है उसके बाद ही निर्णय लिया जाएगा ।

इंटक महासचिव वंश बहादुर सिंह के नेतृत्व में यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में बताया पूर्व में जैसा सीपीएफ टेंपरेरी लोन पर टॉप- अप स्कीम चल रही थी उसी तरह अभी जो ब्याज रहित टेंपरेरी लोन की सुविधा शुरू की गई है इसके साथ भी टॉप-अप स्कीम शुरू किया जाए । श्री भट्टाचार्य जी ने कहा कि मांगों को वे शीघ्र कार्यपालक निदेशक के समक्ष रखेंगे। उन्होंने बताया कि 13 अक्टूबर केंद्रीय श्रम मंत्री की अध्यक्षता में ईपीएफओ की सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी के मीटिंग हुई है । इसमें कर्मचारी को उसके सीपीएफ फंड का 75% एनआरएल लोन दिए जाने का निर्णय हुआ है I अभी तक इसका नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ है।

### माड्यू बाद निर्णय

ईपीएफओ द्वारा नोटिफिकेशन जारी करने के बाद नए सिरे से सीपीएफ (एनआरएल) के लिए मॉड्यूल तैयार करना पड़ेगा उसके बाद ही हम टॉप-अप स्कीम पर कोई निर्णय ले सकेंगे । सीपीएफ टेंपरेरी लोन की जो सुविधा भिलाई स्टील प्लांट में चल रही है,पूरा प्रयास रहेगा कि इस सुविधा को जारी रख सके। चर्चा में बीएसपी के महाप्रबंधक जी. राजेश एवं उप प्रबंधक संजोला व यूनियन से कार्यकारी अध्यक्ष पूरण वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस रवि, उप महासचिव रमाशंकर सिंह और शिव शंकर सिंह उपस्थित थे।

# स्कूल के सीवरेज का पानी सड़क पर, प्राचार्य को नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने शंकराचार्य स्कूल के सामने रोड का अवलोकन किए। स्कूल के सिवरेज का पानी सड़क पर हमेशा बहता रहता है, जिसके कारण आम नागरिको को आवागमन में परेशानी होती है। लिकेज सिवरेज को ठीक कराने स्कूल के प्राचार्य को नोटिस देने जोन आयुक्त को निर्देशित किये है।

आयुक्त द्वारा सेक्टर 09 हास्पिटल के समीप मानव सेवा परिसर तालाबवार्ड 69 सड़क 9-10 उद्यान का अवलोकन कर उद्यान परिसर के घॉस की कटाई करने, टूटे झूले का संधारण कराने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किये है। विभिन्न उद्यानों का नामकरण किया जाना है, जिसके लिए महापौर परिषद की बैठक में प्रस्ताव रखने संबंधित चर्चा की गई। जोन 5 के अंतर्गत निर्माणाधीन मंगल भवन, सड़क 9-10 उद्यान का आयुक्त राजीव पांडेय ने निरीक्षण किया। निगम आयुक्त के साथ एवं महापौर परिषद सदस्य सीजू एन्थोनी ने वार्ड क्रं. 70 में निर्माणाधीन मंगल भवन का निरीक्षण में शामिल रहे। मंगल भवन का कार्य लगभग अंतिम स्थिति में है, आंतरिक निर्माण एवं रंगरोगन कार्य लगभग पूर्णता पर है। मंगल भवन परिसर में लॉन एवं पार्किंग के कार्य हेतु प्रस्ताव स्वीकृति के प्रत्याशा में निविदा करने का निर्देश जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे को दिये है। लॉन एवं पार्किंग स्थल के निर्माण से भवन में विवाह समारोह, जन्म दिवस एवं अन्य मांगलिक कार्य किये जा सकेंगे। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता प्रिया करसे, सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे उपस्थित रहे।

## बासु को राष्ट्रीय सम्मान, कलाकारों में हर्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सांस्कृतिकधानी भिलाई की सृजनशील मिट्टी में जन्मे, देश-विदेश के सिनेमा जगत में अपनी गहरी कलात्मक पहचान बनाने वाले प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक अनुराग बासु को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किशन साहू राष्ट्रीय अलंकरण सम्मान से अलंकृत किया गया है। अनुराग बासु के भिलाई प्रवास के दौरान हुडको में कला साहित्य अकादमी के पदाधिकारियों ने हर्ष जताते हुए उन्हें बधाई दी।

प्रचार प्रसार प्रमुख शांतनु दासगुप्ता ने बताया कि बैठक के दौरान श्री बासु एवं अकादमी के पदाधिकारियों के बीच छत्तीसगढ़ की कला, साहित्य और फिल्म जगत की भावी संभावनाओं पर गहन चर्चा हुई। अकादमी द्वारा हाल ही में प्रारंभ किए गए फंड रेज़िंग पार्ट-1 कल्याणकारी अभियान से भी उन्हें अवगत कराया गया, जो कलाकारों एवं साहित्यकारों के हितार्थ समर्पित है। इस संवाद में अनुराग बासु ने युवाओं को कला और संस्कृति की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु प्रेरक सुझाव दिए। इस अवसर पर कला-साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष शक्ति चक्रवर्ती, कार्यकारी अध्यक्ष मणिमय मुखर्जी, सचिव बबलू विश्वास तथा पौढ़ी गढ़वाल से भिलाई प्रवास पर आए देश के नाट्य लेखक सतीश शर्मा ने बासु से मिलकर उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# आयुक्त ने नंदिनी रोड चौड़ीकरण, सर्विस रोड और कैनाल रोड का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

▪ अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश



नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने जोन 3 अंतर्गत विभिन्न प्रस्तावित विकास कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने नंदिनी रोड चौड़ीकरण, चंद्रा मौर्या टॉकीज से शोरूम तक प्रस्तावित सर्विस रोड के निर्माण की तैयारियों और प्रस्तावित कैनाल रोड की योजना का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने विकास कार्यों को सुव्यवस्थित एवं सुनियोजित तरीके से करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह एवं सहायक अभियंता नितेश मेश्राम को निर्देशित किए हैं कि प्रस्तावित कार्य क्षेत्रों में आ रही दिक्कतों का निराकरण करें। अवैध निर्माण, ट्रांसफार्मर, विद्युत पोल सहित अन्य आंकलन कर शिफ्टिंग हेतु पत्राचार किए जाने कहा गया है ताकि नागरिकों को शीघ्र ही बेहतर आवागमन सुविधा मिल सके।इसी क्रम में आयुक्त ने शीतला कांपलेक्स के समीप किए गए अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन को इस पर तत्काल कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किये। आयुक्त के निर्देश के परिपालन में सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन के नेतृत्व में उड़न दस्ता टीम, राजस्व टीम एवं स्वास्थ्य टीम ने तत्काल अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनहित में चल रहे विकास कार्यों में बाधा डालने वाले या सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। समीपस्थ दुकान में सिंगल यूज प्लास्टिक एवं डिस्पोजल बिक्री के कारण आसपास गंदगी फैला हुआ था जिसे तत्काल जप्त कराया।

## मौसम खुलने से अरली वैराइटी के धान कटाई में आई तेजी, 15 से होगी खरीदी

**भिलाई।** इन दिनों से मौसम खुलने के बाद किसानों को काफी राहत पहुंची है। अरली वेरायटी की धान कटाई में तेजी आई है। प्रदेश सरकार 15 नवंबर से धान खरीदी करने जा रही है इसलिए अब किसानों के पास केवल 8 दिन का समय शेष है। ऐसी स्थिति में खेत से धान की फसल काटकर खलिहान तक लाना और मिंजाई करना है। फिर सूखाकर उसे धान खरीदी केंद्र के मापदंडों के अनुरूप लाना एक चुनौती है।

कृषि विभाग के मुताबिक दुर्ग जिले के 1.34 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में धान की फसल लगाई गई है। जिसमें से करीब 30 फीसदी फसल अरली वेरायटी की फसल है। जिसकी कटाई होनी है। यही धान सबसे पहले धान खरीदी केंद्रों में पहुंचेगी।



जिला प्रशासन ने सहकारी सोसायटियों में धान खरीदी केंद्र बनाए हैं। जहां चबूतरे निर्माण, बारदाना सहित अन्य तैयारी करने की हिदायत दी गई है। प्रशासन नाप तौल सहित अन्य जरूरी संसाधान जुटाए हैं। धान की फसल की कटाई और मिंजाई खेतों में ही एक साथ हो जाए इसके लिए भी किसान जुट गए हैं। किसान बताते हैं कि हार्वेस्टर से ही दोनों की काम हो सकते हैं। धान भी तत्काल बोरे में भरे जा सकते हैं।

## कला मंदिर सेक्टर 6 में पुलिस अधिकारी और विवेचक हुए शामिल

# पुलिस विभाग को दिया एनडीपीएस व पाक्सो का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



पुलिस ने नवीन कानून, एनडीपीएस और पाक्सो एक्ट में पुलिस अधिकारी, विवेचकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम महात्मा गांधी कला मंदिर भिलाई इस्पात संयंत्र, सिविक सेंटर में संपन्न हुआ। एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देशन पर प्रशिक्षण आयोजित था। कार्यक्रम में उप संचालक अभियोजन दुर्ग भीम सिंह राजपूत, शासकीय अभिभाषक एवं लोक अभियोजक मेघेश्वर दिल्लीवार ,विशेष लोक(पाक्सो) अभियोजन रूप वर्षा, विशेष लोक अभियोजन प्रकाश शर्मा, एनडीपीएस विशेष लोक अभियोजन सूरज शर्मा, जिला अभियोजन अधिकारी सुनील चौरसिया, समेत अन्य मौजूद थे। श्री राजपूत प्रशिक्षण में बताया कि स्वापक औषधि, मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 के बारे में एनडीपीएस को केन्द्र सरकार द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत बनाए गए। नियमों को लेकर विस्तार से जानकारी में बताया गया। मेघेश्वर ने विवेचकों से एनडीपीएस विवेचना के दौरान होने वाली त्रुटियों को बारीकी से अध्ययन कर विस्तार से जानकारी दी। श्रीमति दिल्लीवार ने बालकों के खिलाफ लैंगिक अपराध के प्रकरणों का निराकरण करने के लिए विशेष न्यायालय का गठन किया जाना और सीआरपीसी की धारा 173, बीएनएसएस की धारा 193 में न्यायालय में 60 दिवस के भीतर चालान पेश करना होता है। विवचेकों को किसी भी प्रकार से भ्रम की स्थिति होती है तो वह चालान न्यायालय में पेश करने के 10 दिनों पूर्व लोक अयियोजकों से संपर्क कर प्रकरण में त्रुटि सुधार करा सकते है। लैंगिक अपराध में पीड़िता के प्रकरणों में डीएनए टेस्ट कराए जाना भी बताया है। इस दौरान एएसपी सुखंनदन राठौर, एएसपी आईयूसीएडब्ल्यू पद्मश्री तवंर, डीएसपी लाइन चन्द्र प्रकाश तिवारी समेत पुलिस कर्मी मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

### जय स्तंभ चौक के पास गुणवत्तायुक्त अटल परिसर का निर्माण कार्य जारी

**बालोद।** जिला मुख्यालय के जय स्तंभ चौक के समीप अटल परिसर का निर्माण गुणवत्तायुक्त किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद बालोद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी मोबिन अली ने बताया कि नगर पालिका परिषद बालोद सीमा क्षेत्र अंतर्गत अटल परिसर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गुणवत्तायुक्त अटल परिसर का निर्माण कार्य जारी है। जिसमें भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के मूर्ति के सामने स्तंभ होने के कारण, उक्त स्तंभ को नगर पालिका द्वारा हटाया गया है। जिसके स्थान पर स्टील की रेलिंग लगाने का कार्य किया जा रहा है।

### हिंदू राष्ट्र की मांग पर शिवसेना का 4 दिवसीय मोर्चा 11 से

**बालोद।** शिवसेना के द्वारा हिन्दू राष्ट्र की मांग को लेकर 11 नवंबर से 14 नवंबर 4 दिवसीय दंतेवाड़ा से राजधानी रायपुर तक मोर्चा निकाली जाएगी। इस कार्यक्रम में जिले से कार्यकर्ता भाग लेंगे। शिव सेना जिला महासचिव बालमुकुंद अग्रवाल ने कहा कि शिव सेना द्वारा हिन्दू राष्ट्र एवं गौ हत्या बंद करने गौमाता को राज माता घोषित करने गांव गांव में स्थित गौठान को गौशाला बना कर दो कर्मचारी नियुक्त कर धुमंतु गौ वंश को रखने पूरे प्रदेश में लाखों की संख्या में महा हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। हिंदू राष्ट्र की मांग को लेकर लगातार महा धरना प्रदर्शन के सफल आयोजन के बाद अब शिव सेना द्वारा दंतेवाड़ा से रायपुर तक 4 दिवसीय हिन्दू राष्ट्र मोर्चा निकाली जा रही है। बालमुकुंद अग्रवाल ने बताया कि दुर्ग संभग अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव शंकर चौनानी, भारतीय कामगार सेना प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ संजीव कुमार के नेतृत्व में शिव सेना बालोद जिला ईकाई के जिला अध्यक्ष प्रभारी हर्ष शर्मा, भारतीय कामगार सेना जिला अध्यक्ष चेतन लाल साहू, महिला सेना अध्यक्ष शकुंतला देवांगन, जिला संगठन प्रमुख कुमार हिरवानी, जिला उपाध्यक्ष चंदन सोनकर, नगर अध्यक्ष अनिल सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या शिव सैनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### मौसम साफ होने के बाद तापमान में गिरावट, ठंड का अहसास



**कवर्धा।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मोंथा चक्रवात व रुक-रुककर हो रही बूंदाबांदी बंद हो गई। वहीं क्षेत्र में मौसम साफ होने लगा है, हालाकि आसमान में हल्की बदली छाई रही। इस बीच मौसम विभाग ने न्यूनतम तापमान में गिरावट के साथ ही 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। शुक्रवार की अलसुबह ठंड का अहसास हुआ। सुबह सात बजे के बाद धूप निकली जहां ठंड के बीच गुनगुनी धूप ने लोगों को राहत दिया। दिन चढ़ने के साथ हल्की ठंडी हवा के बीच धूप का अहसास कम हुआ। शाम होते ही ठंडी लगने लगी। मौसम विभाग ने अब मौसम साफ होने के साथ ही न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट का अनुमान लगाया है। शुक्रवार को बदली की वजह से अधिकतम तापमान में 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। वहीं न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर मौसम में बदलाव के बीच ठंड के कपड़े के बाजार सजकर तैयार हो गए हैं। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में स्वेटर, टोपी, ग्लब्स, कंबल सहित अन्य स्थानों कर गरम कपड़े की दुकान सज चुकी हैं।

# ब्रह्माकुमारी संस्था ने बच्चों को बताया नैतिक मूल्यों और आत्मज्ञान का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वाधान में कुर्मीपारा माध्यमिक स्कूल बालोद में बच्चों को नैतिक मूल्यों का जीवन में महत्व के बारे में शिक्षा दी गई।

बीके नेहा दीदी ने स्वयं की पहचान देते हुए कहा कि आज हम संसार में रहते सब कुछ जानते है धरती की गहराई में क्या है, आकाश की ऊंचाई में क्या है, सब कुछ जानते है लेकिन मेरे अंदर कौन सी शक्ति छिपी हुई है उसे हम नहीं जानते है। जीवन की अनेक गुत्तथीयां जो उलझी हुई है उसे सुलझाने के लिए अपने भीतर जाने की जरूरत है हमारे भीतर छिपी हुई शक्ति का नाम आत्मा है। ये नाम, पद, व्यवसाय सब असली परिचय नहीं है लेकिन मेरा असली परिचय है मै आत्मा हूं। आत्मा में सात गुण है सुख, शांति, आनंद, प्रेम, पवित्रता, ज्ञान, शक्ति। आत्मा की तीन शक्तियां मन, बुध्दि, संस्कार। सोचने की क्रिया का नाम ही मन है, लेकिन आज हमने अपने मन को डस्टबिन बना दिया है इधर–उधर की बातें सुनते और सोचते रहते है यही हमारे जीवन में तनाव का कारण है और इसी वजह से हम अपनी महान शिखर पर नहीं पहुंच पाते है। सबके प्रति अच्छे विचार रखो, शुभभावना, शुभकामना रखो। अपने विचार को सकारात्मक महान बनाने से जीवन महान बनता है। और हम सफलता के शिखर पर पहुंच सकते है। इस तरह से स्कूल के स्टॉफ के सभी टीचर्स एवं बहन दीपा शर्मा भी उपस्थित थे।

**खास बातें**

- आत्मज्ञान से जीवन महान बनता है – बीके नेहा
- आत्मचिंतन से तनावमुक्त जीवन संभव





## वंदे मातरम के उद्घोष से आजादी की राष्ट्रीय चेतना का किया गया स्मरण

# वंदे मातरम मां भारती की साधना और आराधना की प्रेरक अभिव्यक्तिः पीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

राष्ट्रीय चेतना को स्वर देने वाले, देश को अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध एकजुटता के सूत्र में पिरोने वाले भारत के राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के सुअवसर पर स्मरणोत्सव का आयोजन पूरे देश में उत्साह और उल्लास के साथ किया जा रहा है। जिले में वंदे मातरम के सामूहिक गान का आयोजन शासकीय कार्यालयों, स्कूल कालेज में किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित हुआ। जहां दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्मरणोत्सव से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि वंदे मातरम मां भारती की साधना और आराधना की प्रेरक अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम के सामूहिक गान का एक प्रवाह, एक लय और एक तारतम्य हृदय को स्पंदित कर देता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम का मूल भाव मां भारती है। यह भारत की शाश्वत संकल्पना, स्वतंत्र अस्तित्व-बोध और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम भारत की आजादी का उद्घोष था, जिसने गुलामी की बेड़ियों को तोड़ने और स्वाधीन भारत के स्वप्न को साकार करने की प्रेरणा दी। स्वतंत्रता आंदोलन में यह गीत क्रांतिकारियों की आवाज बना और यह केवल प्रतिरोध का स्वर नहीं, बल्कि आत्मबल जगाने वाला मंत्र बन गया। श्री मोदी ने कहा कि वंदे मातरम में भारत की हजारों वर्षों पुरानी सभ्यता, संस्कृति और समृद्धि की कहानी समाहित है। विदेशी आक्रमणों और अंग्रेजों की शोषणकारी नीतियों के बीच वंदे मातरम ने समृद्ध भारत के स्वप्न का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भारत के नए स्वरूप का उदय देख रही है, जो अपनी परंपरा, आध्यात्मिकता और आधुनिकता के समन्वय से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना स्वतंत्रता संग्राम के समय था और यह गीत सदैव हमारे हृदयों में अमर रहेगा। इस अवसर पर कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गणपत बघेल, जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट, डॉ बीरेन्द्र साहू, विजय पटेल, रामकिंकर वर्मा सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थें।

**शासकीय कार्यालयों में हुआ सामूहिक गायन**



वंदे मातरम के 150 वें स्मरणोत्सव पर जिले के शासकीय कार्यालयों, पंचायतों, नगरीय निकाय, स्कूल और कॉलेज में वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर सभी ने भारत माता के प्रति निष्ठा, समर्पण और एकता की भावना से ओतप्रोत होकर वंदे मातरम का गायन किया। पूरा जिला देशभक्ति के भाव से सराबोर हो उठा।

# पेंशनधारी कल्याण संघ ने किया जीवन प्रमाण पत्र जमा करने शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पेंशनधारी कल्याण संघ जिला इकाई बालोद के द्वारा पेंशनरों के लिए एक अनूठा पहल किया गया। नवंबर माह की मासिक बैठक में पेंशनरों को अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें भारतीय स्टेट बैंक एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारी एवं कर्मचारी पेंशन भवन में उपस्थित होकर पेंशनरों के जीवन प्रमाण पत्र का वेरिफिकेशन कर जीवन प्रमाण पत्र संग्रहित कर बैंक में ले जाकर अपलोड किया गया।

- लगभग 150 पेंशनरों ने कराया जीवन प्रमाण पत्र जमा, बुजुर्गों को मिली बड़ी राहत

जिला अध्यक्ष डॉक्टर चावड़ा द्वारा शेष पेंशनरों को 12 नवंबर को पेंशन भवन कार्यालय में उपस्थित होकर जीवन प्रमाण पत्र भर कर बैंक में स्वयं उपस्थित होकर जमा करने के लिए निर्देशित किया गया है। शिविर मे परिवार पेंशन लेने वाली बुजुर्ग महिलाएं तथा पेंशनर उपस्थित रहे। उनके फार्म भरने में पेंशनर साथी ही उनका सहयोग प्रदान किया। शिविर का आयोजन का समय 12 बजे से 4 तक चलता रहा। लगभग 150 पेंशनरों के द्वारा जीवन प्रमाण पत्र जमा कराया गया। बैंक के अधिकारियों द्वारा इस प्रकार सहयोग करने से बुजुर्ग पेंशनरों को राहत मिली। अध्यक्ष द्वारा बैंक के अधिकारी कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार प्रदर्शित किया गया।



## जिला प्रशासन व खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कल होगा यूनिटी मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला प्रशासन बालोद एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग भारत बालोद के संयुक्त तत्वाधान में जिले में 10 नवंबर 2025 को सुबह 07 बजे से यूनिटी मार्च आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सासंद भोजराज नाग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

इसी तरह विशिष्ट अतिथि के रूप में डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र की विधायक अनिला भेड़िया, गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद, संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जनपद पंचायत बालोद की अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, नगर पालिका परिषद बालोद के पूर्व अध्यक्ष राकेश यादव एवं राज्य एथलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष सौरभ लुनिया शामिल होंगे।

उल्लेखीनय है कि जिले में यूनिटी मार्च मां गंगा मैय्या मंदिर प्रांगण झलमला से शुरू होकर झलमला बस स्टैण्ड, झलमला हायर सेकण्ड्री स्कूल से सिवनी ग्राम होते हुए मुख्य मार्ग से बालोद की ओर गंजपारा स्थित दुर्गा मंदिर से दांया सदर बाजार, सब्जी मार्केट से मधु चौक, कचहरी चौक से नया बस स्टैण्ड बालोद पहुंचकर यूनिटी मार्च पदयात्र का समापन होगा।

## मोटर सायकिल की टक्कर से युवक घायल मामला दर्ज

**बालोद।** मोटर सायकल के माध्यम से घुमने जा रहे युवक को सामने से आ रही मोटर सायकल ने ठोकर मार दी। जिससे मोटर सायकल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद घायल व्यक्ति की पत्नी द्वारा मोटर सायकल चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम कुरिस्टीपुर थाना व जिला कांकेर निवासी साक्षी कांगे ने पुलिस को बताया कि 24 अक्टूबर को अपने गांव कुरिस्टीपुर से मेरा पति सुखदेव कांगे अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बी0के0 6037 साईन से अंगारमोती मंदिर धमतरी जाने के लिए निकला था, तभी करीबन 12 बजे एन0एच0 30 मार्ग आरा फ्युल्स ग्राम पुरूर के सामने मेरा पति सुखदेव कांगे पहुंचा था तभी सामने धमतरी तरफ से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 ए0क्यू0 1138 का चालक अपने मोटर सायकल को तेजगति व खतरनाक तरीके से चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट करने से मेरे पति मोटर सायकल से गिर जाने से सामने सिर एवं सीना में चोट लगा है व मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हो गया। मैं तत्काल कार रोकवाकर कार में बैठे कु0 रूपा कोर्राम एवं जमुना कोर्राम के साथ अपने कार में बिठाकर क्रश्चियन हॉस्पिटल धमतरी ले जाकर उपचार हेतु भर्तएँ कराया। जिसका नाम पता करने पर उनके परिजन द्वारा मोटर सायकल चालक का नाम छमेश्वर प्रसाद सिन्हा व मोटर सायकल सवार का नाम द्वारिका प्रसाद सिन्हा निवासी तेलीनसत्ति थाना अर्जुनी जिला धमतरी का होना बताये है।

## क्षेत्र में गुड़ फैक्ट्री संचालन के लिए निर्माण कार्य जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|बरबसपुर

जिले में एक नहीं दो शक्कर कारखाना संचालित हो रहा है, जिससे किसानों को भारी लाभ मिल रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में गुड़ फैक्ट्री के मालिक द्वारा गुड़ फैक्ट्री निर्माण और साफ-सफाई करने में जुट गए हैं। बताया जाता है कि एक तरफ से कारखाना खुलने से गन्ना किसानों को लाभ मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर गांव-गांव में गुड़ फैक्ट्री संचालित व नव-निर्माण होने से ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को नगदी में फसलों बेचने से फायदा मिलेगा। क्षेत्र में गुड फैक्ट्री का नया निर्माण कार्य और साफ सफाई का जोर शोर से किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार जिले में संचालित भोरमदेव शक्कर कारखाना और सरदार वल्लभ भाई पटेल शक्कर कारखाना में पिराई का काम शुरू नही हुआ है और ना ही गन्ना फसल के लिए पर्ची वितरण नहीं किया जा रहा है। पर बहुत जल्द ही नए सत्र का पेराई सीजन चालू होगा और ग्रामीण गन्ना किसानों को कटाई व छटाई कर ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से कारखाना तक ले जाया जाएगा।



**पेज 11 के शेष**

### जीवन में खेलों...

महत्व एवं प्रासंगिकता के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। समारोह में गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगर पालिका परिषद बालोद के उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, नगर पालिका परिषद बालोद के पूर्व अध्यक्ष राकेश यादव एवं राज्य एथलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष सौरभ लुनिया, अमित चोपड़ा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा एवं नूतन कंवर सहित डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, सहायक जिला खेल अधिकारी किशोर मेहरा के अलावा पूरे प्रदेश के 05 जोनों के बड़ी संख्या में प्रतिभागी छात्र–छात्रएं, कोच, जनरल मैनेजर एवं विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों के अलावा खेल प्रेमियों तथा आम नागरिकगण उपस्थित थे।

उन्होंने विद्यार्थियों को खेल को खेल भावना के साथ खेलने तथा हार में भी कभी निराश नही होनी की सीख दी। इस अवसर पर उन्होंने स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम बालोद के निर्माण तथा इसके संरक्षण एवं संवर्धन हेतु राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव के योगदानों का भी उल्लेख किया। मंत्री यादव ने कृषि प्रधान बालोद जिला को शिक्षा के क्षेत्र में भी अत्यंत अग्रणी जिला बताते हुए जिले के प्रतिभाओं की भूरी–भूरी सराहना की। यादव ने जिले के लौह नगरी दल्लीराजहरा में शीघ्र ही केन्द्रीय विद्यालय प्रारंभ होने की भी जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने मंच पर खेल झण्डा का ध्वजारोहण कर राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शामिल होन पहुंचे प्रतियोगी छात्र–छात्रओं को पूरे आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार के नशापान से दूर रहकर खेल भावना के साथ 04 दिवसीय प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने प्रतियोगिता के निर्णायकों को प्रतियोगिता में पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए निष्पक्षता एवं प्रतिबद्धता के साथ निर्णय करने की भी शपथ दिलाई।

समारोह का स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि गजेन्द्र यादव सहित अन्य अतिथियों, प्रतिभागी छात्र–छात्रओं, प्रदेश के पांचों जोन से उपस्थित कोच, जनरल मैनेजर सहित सभी अधिकारी–कर्मचारियों, खेल प्रेमियों तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का जिला प्रशासन की ओर से हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत करते हुए चार दिवसीय आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर उन्होंने बालोद जिले में खेल के अनुकूल वातावरण एवं परिवेश की सराहना करते हुए जिले के खेल प्रतिभाओं के नामों का भी स्मरण किया। उन्होंने कहा कि जिले की राष्ट्रीय फूटबॉल खिलाड़ी किरण पिस्दा ने फूटबॉल की राष्ट्रीय टीम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए बालोद जिले का नाम गौरवान्वित किया है। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि इसी तरह जिले दिव्यांग खिलाड़ी राजेन्द्र देशमुख ने भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम में बतौर ऑल रांउडर के रूप में चयनित होकर जिले का नाम रोशन करने के अलावा पूरे देश में बालोद जिले को विशिष्ट पहचान दिलाया है।

इस अवसर पर उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को इस चार दिवसीय आयोजन में पूरे खेल भावना के साथ अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने हेतु अपनी शुभकामनाएं भी दी। समारोह में आभार प्रदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी ने प्रस्तुत किया।

### राजेंद्र देशमुख का...

दिन दोपहर 3 बजे पहला मैच खेला जाएगा। उनके चयन की खबर से गांव बूढ़ानपुर में खुशी की लहर दौड़ गई है। गांव के लोगों ने मिठाई बांटी और राजेंद्र के सम्मान में जश्न मनाया। परिजनों के साथ–साथ ग्रामीणों ने भी उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### मोटर सायकल की...

सिन्हा का बांये पसली, जबड़ा में चोट लगा है, वही मोटर सायकल सीजी 19 बीके 6037 का चालक मिला, जिसके सिर में चोट लगा था जो अपना नाम सुखदेव कांगे पिता मन्नू राम कांगे निवासी जिला कांकेर का रहने वाला बताया था।

# सरस्वती शिशु मंदिर में वंदे मातरम की 150वीं जयंती पर सामूहिक गीत का आयोजन किया

**जामगांव आर।** देश भक्ति की ऊर्जा रोम रोम में जगा देने वाली राष्ट्र को समर्पित गीत वन्देमातरम का 150 वीं जयंती पर इतिहास बताते हुए सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में सामूहिक गीत का आयोजन किया गया। प्राचार्य पीएल बारले ने विद्यार्थियों को बताया कि देश भक्त बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने 1870 की दशक में यह कविता लिखी थी। उपन्यास में प्रकाशन इसे पहली बार 1882 में उनके बंगाली उपन्यास आनंदमठ में शामिल किया गया। इस गीत का संगीत रवींद्रनाथ टैगोर ने तैयार किया। यह गीत पहली बार 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कोलकाता अधिवेशन में गाया गया। इसे 24 जनवरी 1950 को भारत की संविधान सभा द्वारा राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया गया। इस गीत ने स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका निभाई और वंदेमातरम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान एक शक्तिशाली देशभक्ति गीत बन गया जिसे लोगों को देश भक्ति की ऊर्जा से ओत प्रोत होने के लिए प्रेरित किया।



HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आज से



**अंडा।** श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आज 9 नवंबर से 17 नवंबर तक आशीष नगर (पश्चिम )रिसाली भिलाई जिला दुर्ग छ. ग., भगवताचार्य परमपुज्य स्वामी गुरुदेव भागवत मर्मज्ञ संत श्री निरंजन महाराज श्री भागवन आश्रम लिमतरा कुम्हारी दुर्ग, परायणकर्ता पं. परमेश्वर महाराज, यजमान हरिशंकर साहू, गायत्री साहू, आशीष साहू, नीलम साहू बैठेगें।

### डॉ. रोशन लाल साहू ने किया 27वां बार रक्तदान



**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम पंचायत अछोली के वार्ड पंच एवं समाजसेवी डॉ. रोशन लाल साहू ने मेडिकल कॉलेज पेंड्री राजनांदगांव हॉस्पिटल में अपना 27वां रक्तदान कर मानवता की अनोखी मिसाल पेश की है। डॉ. साहू न केवल धरती के सिंगार परिवार(सांस्कृतिक कला मंच) भोथीपार कला के सक्रिय सदस्य हैं, बल्कि सामाजिक व धार्मिक कार्यों में सदैव अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। उनके इस प्रेरणादायक कार्य पर धरती के सिंगार परिवार भोथीपार कला एवं सदगुरु कबीर नवयुवक मंडल अछोली में हर्ष है। रक्तदान जैसे पुनीत कार्य से समाज में मानवता का संदेश प्रसारित होता है। डॉ. रोशन लाल साहू का यह निरंतर प्रयास युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और समाज सेवा की सच्ची भावना को दर्शाता है।

### पत्रकार कल्याण महासंघ की बैठक आज

**लाटाबोड़।** पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ जिला ईकाई बालोद की आवश्यक बैठक आज को सर्किट हॉउस बालोद में रखा गया है। जिसमें प्रदेश के पदाधिकारी सम्मलित होगे जिलाध्यक्ष दीपक देवांगन ने संघ के समस्त पदाधिकारीयों को एक सबके लिये, सब एक के लिये के मूल मन्त्र के तहत अधिक अधिक संख्या मे उपस्थिति होने का आग्रह किया है। ताकि संगठन को और अधिक से अधिक विस्तार किया जा सके।

### ग्राम पंचायत टेकापार में नेवता भोज कराया गया

**लाटाबोड़।** ग्राम पंचायत टेकापार के सरपंच खेमेश्वरी साहू ने अपने जन्मदिन पर प्राशा एवं माशा के बच्चों को नेवता भोज कराया। जिसके तहत बच्चों को खीर पूरी, सब्जी, दाल व आचार परोसा गया। इस अवसर पर उपसरपंच राजूलाल यादव, सरपंच प्रतिनिधि दीपक साहू, सचिव, पंचगण के साथ ग्राम प्रमुख एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

वर्षगांठ: राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर टटेंगा स्कूल में हर्षोल्लास का मौहल

# वंदे मातरम् गीत हमारी राष्ट्रीयता संस्कृति व आराधना का अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा



राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150वीं वर्षगांठ के स्मरण उत्सव को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य, अधिकारी, कर्मचारी तथा विद्यार्थियों के द्वारा राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम में अपनी भावनाओं को अंजलि तथा पारुल ने भाषण तथा गीत के माध्यम से अपनी भावनाओं को प्रस्तुत किया। कक्षा 10वीं की छवि, प्रियल, भावना, चहेक, सुमन, भावना ने संपूर्ण वंदे मातरम का गायन किया। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी के द्वारा निर्देशित तथा संपादित वन्देमातरम नृत्य की 11 वीं की छात्राओं पल्लवी, झमिता, हेमलता, चंचल, ललिता, तारिणी के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य आरके देवांगन ने अपनी उद्बोधन में सभी को वंदे मातरम के इतिहास के बारे में बताते हुए कहा कि यह गीत एक सामान्य गीत नहीं वरन राष्ट्रवाद की लोग जलाने वाली, हम सब में नवीन ऊर्जा का संचार करने वाली, ब्रिटिश सरकार के सिंहासन को हिला देने वाली गीत है। इसकी रचना 7 नवंबर 1876 को बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा की गई थी। कांग्रेस के अधिवेशन में इसे सर्वप्रथम गया गया था। व्याख्याता पवन सिन्हा ने सभी को बताया कि यह गीत हमारी राष्ट्रीयता, संस्कृति ,भक्ति और आराधना का अनूठा संगम है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान इसे एक मंत्र के रूप में उद्घोष किया जाता था। संचालन करते हुए कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने कार्यक्रम की शुरुआत गीत ' राष्ट्र की जय चेतना का गान वंदे मातरम' से किया। देश जब पराधीन था तब आजादी के लिए किसी ने कलम उठाई तो किसी ने तलवार। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की यह रचना केवल शब्दों का समूह ही नहीं बल्कि एक भाव था। जिसने सभी देशवासियों में मातृभूमि प्रेम इतना जगा दिया कि अंग्रेजों को इस शब्द से ही डर लगने लगा तथा आगे उन्होंने इस पर प्रतिबंध भी लगा दिया। यह सन्यासी विद्रोही गीत कश्मीर से कन्याकुमारी तथा पंजाब से बंगाल तक सभी में आजादी की ज्वाला जगा दी। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टी एल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु पटेल, बिंदु साहू, सी पी सोनबोईर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम, कुंदन यादव के अलावा सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।



### जनपद गुरूर में अधिकारियों–कर्मचारियों ने गाया राष्ट्रगीत

**गुरूर।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150वें वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू की अध्यक्षता में समस्त अधिकारी, कर्मचारियों ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गीत गाये, साथ ही 150वें वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देशवासियों के लिये एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। जिसे गुरूर जनपद सभाकक्ष में समस्त अधिकारी, कर्मचारी प्रोजेक्टर के माध्यम से लाईव दिखाया गया। वंदे मातरम के 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर चार चरणबद्ध कार्यक्रम हेतु समयाधि निर्धारित किया गया है। जिसमे प्रथम चरण के तहत दिनांक 07 से 14 नवंबर 2025 तक, द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026 तक, तृतीय चरण 07 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा के साथ), चतुर्थ चरण 01 से 07 नवंबर 2026 (समापन सप्ताह), पोर्टल में वंदे मातरम् की रिकार्ड की हुई धुन के साथ बोल की सुविधा उपलब्ध की गई है, जिसमें नागरिक अपनी आवाज में वंदे मातरम् गाकर अपलोड कर सकेंगे।

## ग्राम तिरगा में राष्ट्रीय गीत उत्सव मनाया गया



**अंडा ।** ग्राम तिरगा के गांधी चौक में राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रगीत गया गया। जय हिन्द जय भारत, वंदे मातरम् , भारत माता की जय घोष के साथ गांधी प्रतिमा में ज्योति प्रज्वलित कर राष्ट्र गीत उत्सव मनाया गया। जिसमें ग्रामीणों ने दीप जलाकर राष्ट्रीय गीत उत्सव मनाया। ग्राम पंचायत तिरगा भवन में सचिव ने टेलीविजन के माध्यम से राष्ट्रव्यापी देश भक्ति गीत संगीत और प्रधानमंत्री का संबोधन दिखाया और सुनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत तिरगा सरपंच घसियाराम देशमुख, उपसरपंच सूखित राम ढीमर, ग्राम पटेल बाबूलाल देशमुख थे, सेवानिवृत शिक्षक हीरालाल दिल्लीवार ने देश भक्ति जयकारों से अभिभूत कर दिया। सरपंच ने बताया यह गीत हमारे दिलो में देश भक्ति की भावना को जागृत कर भारत माता के प्रति श्रद्धा भक्ति की भावना मजबूत करता है। यह गीत धरोहर को संजोकर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर शिक्षक रघुनाथ देशमुख, सूरज देशमुख, बिरेंद्र निषाद, पंचगण चंदूलाल यादव, गोवर्धन ढीमर, कविता ऋषि, जमुना बाई निषाद, बिहान अजिविका मिशन के कार्यकर्ता ललिता देशमुख, उर्मिला देशमुख, सर्जना युवा संयुक्त युवा संगठन से घनश्याम देशमुख, डोमन लाल, दिलीप देशमुख, घनाराम, मिथलेश, बुद्धेश्वर सिंह, तुलसीराम, समूह के सदस्य गण मंगल देशमुख, पूर्णिमा देशमुख, पूर्णिमा बेलचंदन, भुनेश्वरी, लता, लता देशमुख, देवकी, गोमती, ललेश, उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल डौंडीलोहारा में विशेष गहन पुनरीक्षण पर कार्यशाला कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

■ भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में होंगे शामिल

सेवा ही संगठन के भाव को समर्पित एवं मां भारती के प्रति श्रद्धा तथा देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत वंदे मातरम्-राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी मंडल डौंडीलोहारा द्वारा एक दिवसीय विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला दिनांक 10 नवम्बर दोपहर 2 बजे से पुराना जनपद पंचायत भवन, डौंडीलोहारा में आयोजित होगी। कार्यक्रम के कार्यशाला प्रभारी माननीय हरीश कटझरे (जिला कोषाध्यक्ष, भाजपा बालोद) तथा सह-प्रभारी भुनेश्वरी ठाकुर रहेंगी। कार्यशाला में मंडल क्षेत्र के प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, जनपद व नगर पंचायत प्रतिनिधि, सोसायटी व शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, सचिव, बीएलए-2 सहित सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहेगी। भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा एवं मंडल संयोजक धर्मेंद्र निषाद ने कहा कि यह कार्यशाला संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। अतः सभी कार्यकर्ता समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। इस अवसर पर मंडल महामंत्री सुमेंद्र देशमुख, दुष्यंत गिरी गोस्वामी तथा मीडिया प्रभारी प्रीतम साहू ने भी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने का आग्रह किया है।

## मौसम में बदलाव, सुबह-शाम महसूस हो रही हल्की ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

■ लोगों ने हल्के गर्म कपड़े निकालने शुरू किए

दीपावली और एकादशी पर्व के बाद अब मौसम में बदलाव महसूस किया जा रहा है। बीते कुछ दिनों से आसमान साफ होने और ठंडी हवाएं चलने के कारण सु ब ह - शा म हल्की ठंडक का एहसास होने लगा है। हालांकि अभी तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं आई है, लेकिन मौसम के मिजाज से यह संकेत मिलने लगा है कि आने वाले दिनों में ठंड धीरे-धीरे बढ़ेगी। इस वर्ष नवरात्रि के बाद सामान्य से अधिक गर्मी बनी रही थी। बीच-बीच में हुई बारिश और बादलों की वजह से ठंड का असर देर से शुरू हुआ। ग्रामीण इलाकों में लोग अब सुबह-सुबह हल्के स्वेटर या चादर ओढ़कर निकल रहे हैं। खेतों में काम करने वाले किसान भी बता रहे हैं कि भोर में हल्की ठंड महसूस होती है।



स्थानीय कपड़ा दुकानदारों ने बताया कि गर्म कपड़ों की खरीदारी अभी बहुत ज्यादा नहीं बढ़ी है, लेकिन लोग धीरे-धीरे पूछताछ करने आने लगे हैं। दुकानदारों का कहना है कि ठंड बढ़ने पर बाजार में रौनक बढ़ जाएगी। नवंबर के दूसरे सप्ताह तक तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट संभव है। इसके बाद सुबह-शाम की ठंड और बढ़ेगी। फिलहाल मौसम साफ और सुहावना है, दिन में हल्की धूप और शाम को ठंडी हवा चलने से वातावरण सुखद बना हुआ है। आने वाले दिनों में ठंड का असर बढ़ने की संभावना है। लगे हैं।

## आदिवासी गोड़ समाज ने हर्षोल्लास से मनाई श्री बूढ़ा देव की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर



बुधवार को ग्राम कोचवाही में सर्व आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज द्वारा आदि शक्ति श्री बूढ़ा देव भगवान की जयंती मनाई गई। समाज के लोगो ने पूजा अर्चना कर ग्रामीण महिलाओं के द्वारा कलश शोभायात्र निकाली गई। ग्रामीणों ने जगह जगह स्वागत एवं आरती कर बूढादेव का आशीर्वाद प्राप्त की गई।

गौरा चौक के पास सभी आदिवासियों ने एक सभी आरती कर अतिथियों का सम्मान किया। जिसमें मुख्य अतिथि जनपद सदस्य कौशिल्या चंद्रवंशी ने की। अध्यक्षता सरपंच भुनेश्वरी यादव थे। उपसरपंच कुलजीत घरत, तैय्यब अली, मोहन यादव, सीताराम शांडिल्य अतिथी के रुप मे उपस्थित थे। जनपद सदस्य कौशिल्या चन्द्रवंशी ने कहा कि समाज के लोगो मे संगठन एवं एकता की जरुरत है। समाज के बेटा बेटी को आगे बढाने के लिए पढाई जरुरी है तभी समाज आगे बढ सकता है।

सरपंच भुनेश्वरी यादव ने कहा कि समाज के संगठन से बडा से बडा काम आसान हो जाता है। इसलिए समाज को संगठित करने की अवश्यकता है। समाज प्रमुख विष्णु ठाकुर ने भी समाज एकता पर विस्तार से चर्चा की। बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम मे सुरेश नेताम, गणेशवर उइके, कमलेश नेताम, भुनेश्वर ओटी, रोमन नेताम, नीतीश नेताम, ओगेश्वर नेताम, संतराम कुंजाम, भूषण उइके, अजब उइके, दीपक कुंजाम, अंशु कुंजाम, शशिकला उइके समाज के सभी सदस्य इस कार्यक्रम में शामिल थे और साथ में ग्राम के अन्य समाज प्रमुख एवं समस्त ग्रामवासी का सहयोग रहा।

## जिला ग्राम पटेल संघ का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद



बालोद जिला ग्राम पटेल संघ राजस्व बालोद का बैठक मां बंजारी धाम जुगेरा में आयोजित की गई। जिसमें जिला बालोद के ग्राम पटेल संध का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न किया गया।

संरक्षक केवल सिंह चंदेल सुर्रा, रामचंद्र साहू बागतराई, अध्यक्ष रविशंकर कोटेन्द सिवनी, बालोद उपाध्यक्ष चौत राम बारले लोहारा, छबिल कुमार साहू मोखा, सचिव अशोक कुमार साहू गुरुर, सहसचिव लिलेश्वर साहू करहीभदर, कोषाध्यक्ष बिजेंद्र धुवे दानीटोला, संगठन सचिव ललित कुमार हिरवानी मुजगहन, प्रचार प्रसार सचिव तारेन्द देशमुख धनगांव, मिडिया प्रभारी भाव सिंह यदुवंशी परसदा जा, प्रवक्ता डोमार सिंह कुंवर लाटाबोड, कार्यकारिणी सदस्य भुपेश कुमार पेवरो, सम्मेलाल बोरतरा रामचरण सिन्हा मोखा, हिन्दल साहू गुरुर, भेलू राम साहू घोघोपुरी, अनिल निषाद खल्लारी, सुरज दर्रो हिडकापार, छगन लाल धोबनी, तिलक सोरी अकोला, बवन सोरी रोपेडेरा, हेमंत यादव पड़कीभाट, गैदलाल सोनकर अरौद, होरी लाल साहू मेड़की, दिनेश साहू पाकुरभाट, जोहन प्रधान करकाभाट, रूसेन साहू जोगीभाट, दिलिप साहू भनपुरी, नरेन्द्र कुमार भंडारी, विजय कुमार निर्मल कर मुड़खुसरा, पालू राम साहू सतमरा, दुमन लाल साहू डोंगीतराई, भुषण लाल चन्द्रकर डैकीडीह, ओंकार प्रसाद साहू बम्हनी, बेदी राम निर्मलकर मोहलाई को सदस्य बनाया गया। यह जानकारी जिला संध के मिडिया प्रभारी भाव सिंह यदुवंशी ने दिया।

## मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के लिए जिला कांग्रेस कमेटी ने ब्लॉक वार प्रभारी नियुक्त किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश पर एवं जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी के मार्गदर्शन में जिले में आरंभ हो चुके मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में बारीकी से नजर रखने के लिए ब्लॉक स्तर पर प्रभारीयों की नियुक्तियां की गई है। ताकि किसी भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची से विलोपित ना किया जा सके।

इस हेतु ब्लॉक स्तर पर प्रभारीयों की नियुक्तियां की जा रही है जो संबंधित ब्लॉक अध्यक्षों के साथ समन्वय स्थापित करके प्रत्येक बूथ में कार्यकर्ताओं को बीएलए के रूप में कार्य करने एवं बीएलओ के साथ मिलकर क्षेत्र में रहने वाले सभी मतदाताओं के नाम को मतदाता सूची में जोड़ा जाना सुनिश्चित करेंगे।

ब्लॉक वार प्रभारीयों में बालोद शहरी, ग्रामीण भोला देशमुख, गुरुर केके राजू चंद्राकर, गुण्डरदेही केदार देवांगन, अर्जुंदा कृष्णा दुबे, देवरी रवि जायसवाल, दल्ली राजहरा रतिराम कोसमा, डौंडी शंभू शाहू, डौंडी लोहारा यज्ञ देव पटेल को बनाया गया है।

उपरोक्त अनुसार समस्त प्रभारीयों को निर्देशित किया गया है कि संबंधित ब्लॉक अध्यक्षों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र ही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को बुथवार जिम्मेदारी सौंपते हुए गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही कार्यक्रम संपन्न होने तक समय–समय पर कार्य प्रगति की सूचना जिला कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करते रहेंगे।

## बाल संरक्षण आयोग की सदस्य संगीता ने डौडी ब्लॉक छात्रावासों का किया निरीक्षण

**डोंडी।** संरक्षण आयोग की सदस्य संगीता गजभिए अपनी टीम के साथ डौडी ब्लॉक के छात्रावास का निरीक्षण की। उनके द्वारा एकलव्य स्कूल व छात्रावास, सूरज छात्रावास, कन्या आश्रम डौंडी का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी गई, बच्चों व हॉस्टल अधीक्षको से विस्तृत जानकारी लेकर वार्तालाप की ,छात्रावास के समस्याओं पर गौर किया। उन्होंने कहा कि बाल संरक्षण की दिशा पर वे लगातार कार्य कर रही है और जहां भी शिकायत मिल रही है वहां पर गम्भीरता के साथ कार्यवाही की दिशा में बढ़ रही है। इसी तारतम्य में बालोद के एक बहुचर्चित स्कूल का मामला पर भी उन्होंने संज्ञान में लिया और पुख्ता सबूत पाए जाए जाने पर उक्त शिक्षक पर कार्यवाही की बात कही, साथ ही उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ गिनाया और अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाने कहा। इस अवसर पर उनके साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि दिनेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष रूपेश नायक, ईश्वर चक्रधारी महिला बाल विकास विभाग से सुपोषण मित्र आशीष जैन सेक्टर सुपरवाइजर रेखा कौशल, माया देवी सम्मिलित हुए।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

